तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

4
सड़क हादसे में मौत को लेकर चिंता
3 सप्ताह तक होगी सरप्राइज चेकिंग





## खबर संक्षेप

### लापता बालिका चंद्रपुर से बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस ने गुम बालिका को चंद्रपुर से बरामद किया है। जूटमिल पुलिस ने नाबालिग बालिका को बहला.-फुसलाकर ले जाने तथा शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस घटना के संबंध में 18 अप्रैल को बालिका के परिजनों ने जूटमिल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया गया कि 17 अप्रैल की रात परिवार के सभी भोजन के बाद सो गए थे, लेकिन अगली सुबह बालिका अपने कमरे में नहीं मिली। परिजनों द्वारा आसपास, रिश्तेदारों और मोहल्ले में खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला तथा मोबाइल फोन भी बंद था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 137, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान बालिका के संपर्क में चंद्रपुर निवासी विकास यादव के होने की जानकारी सामने आई, जिस पर पुलिस ने बिना समय गंवाए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि आरोपी उसे उसके पिता का तबियत खराब हो गया हैए देखकर आते हैं कहकर अपनी कार में बालिका को अपने घर ले गयाए जहां दूसरे दिन बालिका के मर्जी के बगैर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर से बाइक सीजी 13 एजी 9504 में बस-स्टैण्ड लाकर छोड़कर भाग गया। आरोपी के खिलाफ धारा 64 बीएनएस एवं 06 पॉक्सो एक्ट की धारा विस्तारित कर पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त दोनों दोनों वाहनों को बरामद कर आरोपी को कल न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

### ड्राइवरों और कर्मियों को मिलेगा ट्रेनिंग उपचार

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए कार्यालय एवं रेडक्रॉस मेडिकल आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी सदस्यों के समक्ष पारदर्शिता के साथ रखा गया। बैठक में रेडक्रॉस के सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर चलाने का निर्णय लिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस मानवीय सेवा से जुड़ सकें। साथ ही सड़क सुरक्षा एवं औद्योगिक क्षेत्रों में आपात स्थितियों से निपटने के लिए वाहन चालकों तथा खदानों में कार्यरत कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। जूनियर यूथ रेडक्रॉस के तहत जिले के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शत-प्रतिशत नवीनीकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। आगामी 8 मई को वार्षिक साधारण सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कर्मचारियों के मानदेय में सुधार करते हुए नवीन कलेक्टर दर लागू करने का भी निर्णय लिया गयाए जिससे कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### कुष्ठ विकृति सुधार शल्य चिकित्सा शिविर 27 से

**रायगढ़।** जिले में कुष्ठ रोग से उत्पन्न विकृतियों के उपचार और मरीजों को सामान्य जीवन से जोड़ने के उद्देश्य से जिला अस्पताल रायगढ़ में निःशुल्क विकृति सुधार शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर का संचालन डॉ. अविनाश चंद्रा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा के नेतृत्व में किया जाएगा। शिविर के प्रथम चरण में 27 अप्रैल को किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ में फिजियोथेरेपिस्ट की टीम द्वारा कुष्ठ रोग से प्रभावित विकृति वाले मरीजों की जांच की जाएगी। जांच उपरांत पात्र पाए गए मरीजों का चयन कर 28 से 30 अप्रैल के बीच शासकीय जिला अस्पताल रायगढ़ में उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

### धाराएं तो होती है गंभीर, लेकिन जांच में लग जाता है लंबा वक्त

# हर महीने एट्रोसिटी का एक मामला दर्ज, तीन साल में 90, इसमें 42 बलात्कार के केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में दर्ज एट्रोसिटी के मामले चौंकाने वाले है। तीन महीने में करी 90 मामले दर्ज किया गया है। याने हर महीने एक मामले दर्ज हुए हैं, इसमें 42 तो केवल बलात्कार के प्रकरण हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि यहां अत्याचार किस हद तक बढ़ गया। यह हम नहीं बल्कि पुलिस का रिकार्ड ही कह रहा है जो विधानसभा में एक सवाल के जवाब में दिए गए थे। खास बात यह है कि इसमें धाराएं तो काफी गंभीर होती हैं, लेकिन जांच में काफी वक्त लग जाता है। इससे पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी होती है। दूसरी ओर इस एक्ट के तहत पूरे प्रदेश के मामले तो काफी डरावने हैं। तीन साल में 2455 मामले दर्ज किए गए हैं।

एट्रोसिटी एक्ट काफी सख्त है, इसमें धाराएं काफी गंभीर होती है, लेकिन इसका डर लोगों के मन में नहीं है। हालात यह है कि जिले समेत प्रदेश में इसके मामले बढ़ते जा रहे हैं। यदि अपराधियों के मन में इसका डर होता तो शायद इस कदर इसकी संख्या नहीं बढ़ती। माना जा रहा है कि अब सामाजिक तौर पर बदलाव संभव नहीं है।

दांडिक प्रक्रिया से ही बदलाव हो सकता है, लेकिन इसमें हो रही देरी से प्रभावित परिवार को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में देखा जाए तो अभी भी पिछड़े और वंचितों का शोषण होने के मामले सामने आ रहे हैं। एक आंकड़े पर गौर करें तो बीते तीन सालों में रायगढ़ जिले में एट्रोसिटी एक्ट के तहत 90 केस दर्ज किए गए। इसमें से 42 मामले तो केवल बलात्कार के हैं। आदिवासी तबके के संरक्षण के लिए सरकार ने एट्रोसिटी एक्ट लागू किया। ताकि सजा के डर से इनका शोषण बंद हो, लेकिन आंकड़ा देखकर तो ऐसा कदापि नहीं लग रहा है। अभी भी सबसे ज्यादा बलात्कार की शिकार महिलाएं अजा और अजजा तबके के ही हैं। 2023 से 2026 तक के आंकड़े देखें तो अभी भी एट्रोसिटी एक्ट के तहत बलात्कार के ही मामले सबसे ज्यादा हैं। महिला आरक्षण और संरक्षण के बीच ये आंकड़े डरावने लगते हैं। इन तीन सालों में प्रदेश में एट्रोसिटी एक्ट में 2455 अपराध दर्ज किए गए हैं। इसमें एससी, एसटी वर्ग की महिलाओं से बलात्कार का आंकड़ा 1013 है। रायगढ़ जिले में इन तीन सालों में 90 केस एससी, एसटी एक्ट के तहत दर्ज किए गए हैं। इसमें से 42 बलात्कार के मामले हैं। मतलब कुल अपराधों में आधे महिलाओं पर अत्याचार के हैं।

**प्रदेश के आंकड़े तो चौकाने वाले, 2455 अपराध किए गए दर्ज**



#### सामने नहीं आते लोग

कई मामले तो ऐसे भी हैं जहां सामने नहीं आ पाया है। जानकारी के मुताबिक आज भी लोक-लाज की वजह से थानों तक नहीं पहुंचते हैं। सालों से जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, लेकिन इसका असर समाज विशेष पर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। हालात यह है कि शोषण के खिलाफ आवाज उठाना में भी लोग गुरेज करते हैं। जो आंकड़े सामने आए है वह भी काफी गंभीर है, इसलिए थानों तक पहुंच गया।

#### मुआवजे से मरहम

पीड़ित पक्ष को ऐसे मामलों में आदेश के राहत राशि मिलता है। इससे पीड़ितों पर मुआवजे का मरहम तो लग जाता है, लेकिन जो पीड़ा जो तकलीफ सहते हैं उसकी भरपाई तो किसी भी सूरत में संभव नहीं है। पुलिस की कार्रवाई ऐसे मामलों में तत्काल हो रही है। अपराध दर्ज होने के बाद चालान पेश करने में भी तेजी नजर आती है। आंकड़ों के मुताबिक रायगढ़ के 90 मामलों में से 87 में अब तक चालान पेश किया जा चुका है। एट्रोसिटी एक्ट के तहत मिलने वाला मुआवजा पीड़ितों को थोड़ी देरी से मिलता है। इस काम में कुछ संदेहास्पद गतिविधियां होती हैं।

### फिंगरप्रिंट में फर्जीवाड़ा हाजिरी में ढिलाई पर उच्च शिक्षा विभाग का अल्टीमेटम

**रायगढ़।** महाविद्यालयों में बायोमीट्रिक उपस्थिति को लेकर बरती जा रही ढिलाई अब भारी पड़ सकती है। उच्च शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाते हुए कॉलेजों से स्पष्ट जवाब.तलब किया है और उपस्थिति व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश जारी किए हैं। क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर की समीक्षा में सामने आया कि कई संस्थानों में कर्मचारी तय समय पर उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे हैंए जिससे कार्यसंस्कृति और अनुशासन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। विभागीय जांच में यह भी पाया गया कि एईबीएएस प्रणाली का उपयोग सही तरीके से नहीं हो रहा है। कुछ कर्मचारी केवल आने के समय हाजिरी लगा रहे हैं, जबकि जाने के समय अनुपस्थित रह रहे हैं। वहींए कई जगहों पर अवकाश की जानकारी पोर्टल में अपडेट नहीं की जा रहीए जिससे रिकॉर्ड अधूरा और भ्रामक बन रहा है। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने सभी महाविद्यालय के प्राचार्यों को निर्देश दिया है कि वे व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करें और सुनिश्चित करें कि हर कर्मचारी नियमित और पूर्ण उपस्थिति दर्ज करे।

## ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का मास्टर माइंड देव को पुलिस ने पकड़ा

**रायगढ।** चक्रधरनगर पुलिस और साइबर टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क के मुख्य आरोपी देव बंसल को रायपुर स्थित उसके निवास से पकडा गया है। आरोपी के पास से टिकट, ट्रांजैक्शन और सट्टा का डिजिटल प्रमाण जब्त बरामद करते हुए जब्त किया गया है। आरोपी इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और फोन पे के जरिए सट्टे का अवैध कारोबार चला रहा था।

ज्ञात हो कि बीते 16 फरवरी को चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत बोईरदादर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित श्याम फिनाइल उद्योग में छापेमार कार्रवाई के दौरान आरोपी विकास अग्रवाल उर्फ फून्नु एवं विनय अग्रवाल को इंग्लैंड और इटली के बीच चल रहे टी-20 क्रिकेट मैच पर मोबाइल के माध्यम से सट्टा खिलाते रंगे हाथों पकड़ा गया था। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में खरसिया निवासी गगन अग्रवाल के साथ मिलकर सट्टा संचालन करने की बात स्वीकार की थी। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी विकास अग्रवाल उर्फ फून्नु पिता श्यामसुंदर अग्रवाल उम्र 38 वर्ष निवासी हिमालया हाईट्स और विनय अग्रवाल पिता बजरंग अग्रवाल उम्र 49 वर्ष निवासी सांगीतराई को थाना चक्रधरनगर पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध की धारा 7 के तहत रिमांड पर भेजा था। इसी कडी में 11 मार्च को चक्रधरनगर पुलिस ने फरार आरोपी गगन अग्रवाल पिता अनूप अग्रवाल 27 साल निवासी गंज बाजार खरसिया को हिमालया हाइट्स बैंक कॉलोनी को भी गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा था। इन कार्रवाईयों के बाद पुलिस ने जब इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच की तब पता चला कि आरोपी गगन अग्रवाल, देव बंसल और अन्य साथी मिलकर इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और फोन पे के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित कर रहे थे। पुलिस की कार्रवाईयों के बाद आरोपी लगातार स्थान बदलकर अन्य राज्यों में छिपकर इस अवैध कारोबार का संचालन हर रहे थे। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी देव बंसल पिता प्रमोद अग्रवाल 21 रायपुर के पंडरी स्थित अपने फ्लैट में कुछ दिनों से ठहरा हुआ है। ऐसे में सूचना के आधार पर पुलिस ने उक्त स्थान पर दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार किया। इस गिरफ्तारी के दौरान पुलिस को अवैध सट्टा कारोबार से संबंधित कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जैसे विभिन्न राज्यों की टिकट, ऑनलाइन लेनदेन के रिकॉर्ड और क्रिकेट सट्टा से जुड़े डिजिटल साक्ष्य भी प्राप्त हुए। आरोपी की संलिप्तता गगन अग्रवाल और विनय अग्रवाल के साथ ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क में पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इन कार्रवाईयों के बीच ही सट्टा लिखने वाले आरोपियों से पूछताछ में खाईवाल मोहम्मद शाहनवाज मलिक उर्फ सानू निवासी मधुबनपारा तथा हेमराज बरेठ उर्फ पप्पू निवासी कबीरचौक के नाम लगातार सामने आ रहे थे। पुलिस की सट्टा के अवैध कारोबार पर लगातार हो रही कार्रवाईयों की वजह से फरार आरोपी हेमराज बरेठ उर्फ पप्पू बरेठ ने एसएसपी शशि मोहन सिंह के समक्ष सरेंडर किया। विदित हो कि आरोपी पप्पू बरेठ का पिता कंगालू बरेठ भी सट्टा के कारोबार से जुड़ा था जिसके खिलाफ थाना जूटमिल में 30 से अधिक मामले दर्ज है। इसी क्रम सटोरिया मोहम्मद शाहनवाज मलिक उर्फ़ शानू पिता कुतुबुद्दीन मलिक 36 निवासी मधुबनपारा ने भी सिटी कोतवाली जाकर सरेंडर किया।

■ चक्रधरनगर पुलिस और साइबर टीम ने संयुक्त कार्रवाई

### संजय मैदान में निर्माण कर रहे ठेकेदार कन्हैया हुआ ब्लैकलिस्टेड

**रायगढ़।** निगम क्षेत्र में विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने ब्लैकलिस्ट कर दिया है। यह कार्रवाई संजय मैदान विकास कार्य में निर्धारित समय सीमा के भीतर काम पूरा नहीं करने और बार-बार नोटिस के बावजूद प्रगति नहीं दिखाने पर की गई है। संजय मैदान के विकास कार्य के अंतर्गत फेंसिंग, गेट निर्माण, पाथवे, नाली निर्माण, विद्युत व्यवस्था, ग्राउंड मेकिंग तथा सिटिंग चेयर जैसे कार्यों के लिए कान्हा कंस्ट्रक्शन प्रोपराइटर कन्हैया सोनी सक्ती को कार्यादेश जारी किया गया था। इस कार्य की समय.सीमा लगभग 5 माह निर्धारित थी, लेकिन तय अवधि बीतने के बाद भी कार्य में कोई ठोस प्रगति नहीं पाई गई। निगम प्रशासन द्वारा ठेकेदार को 29 सितंबर 2025 को प्रथम नोटिस इसके बाद क्रमशः द्वितीय एवं अंतिम सूचना पत्र भेजे गए, लेकिन इसके बावजूद ठेकेदार कान्हा कंस्ट्रक्शन प्रोपराइटर कन्हैया सोनी द्वारा कार्य में कोई सुधार नहीं किया गया।

## शादी कार्यक्रम से लौटते वक्त असामाजिक तत्वों ने महिला पार्षद व उनके भाइयों से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नगर निगम में भाजपा की महिला पार्षद और उनके भाईयो के साथ शनि मंदिर मार्ग पर कुछ असामाजिक तत्वों ने उस वक्त उनका रास्ता रोक कर गाली गलौज और मारपीट जब वे एक शादी कार्यक्रम से घर लौट रहे थे। इस घटना में उचित कार्रवाई नहीं होने की स्थिति मे बुधवार की दोपहर को महापौर व नगर निगम सभापति सहित अन्य पार्षदगण सिटी कोतवाली का घेराव करते हुए धरने पर बैठ गए। जहां उन्होंने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं इस घेराव व प्रदर्शन के बाद पुलिस हरकत में आई और करीब आधा दर्जन आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

इस संबंध में वार्ड नंबर 31 की पार्षद त्रिनिशा चौहान ने बताया कि मंगलवार की रात देवांगन धर्मशाला में वे अपने भाई ऋषभ चौहान, शिवम बघेल, सागर बघेल, सुमित दास महंत और चाहत जैन के साथ शादी कार्यक्रम में गई थीं। जहां से वापस लौटते हुए उन्हें देर रात करीब 1 बजे गए।

जब वे शनि मंदिर के पास पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद कुछ युवकों अपने धुमाल बैंड से लोड गाडी को बीच रोड पर अडा दिया था, ऐसे में महिला पार्षद के भाई ने उन युवकों को रास्तें से गाडी हटाने को कहा, इतने में ही उक्त युवकों में से एक ने उनसे गाली गलौज करने लगा। ऐसे में महिला पार्षद ने जब इसका विरोध किया तब उनके साथ ही गाली गलौज किया। इतने में ही बात बढ गई और बीच बचाव करने के लिए जब महिला पार्षद के अन्य भाई व परिजन वहां पहुंचे तो उक्त युवकों ने उनके साथ म्युजिकल इन्ट्यूमेंट्स और लोहे के औजारों से मारपीट कर दी। जिससे महिला पार्षद के भाईयों के चेहरे और जबडे गंभीर चोंटे लगी। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका गहन उपचार हुआ। इस घटना की जानकारी जब महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्रीलाल साहू सहित अन्य भाजपा के पार्षदों पुलिस की कार्यवाही से असंतुष्ट होकर इसे सुरक्षा व्यवस्था में आघात मानते हुए विरोध किया और नगर निगम से पैदल ही सिटी कोतवाली पहुंचे, जहां महापौर व सभापति सहित सभी भाजपाई पार्षदों ने आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए।

#### सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

महापौर और सभापति ने इस दौरान शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब शहर में जनप्रतिनिधि और उसका परिवार ही सुरक्षित नहीं है तो ऐसे में आम जनता की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है। शहर में इस तरह की वारदातें बढती जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर के भीतर असामाजिक तत्वों की दंबगई बढती जा रही है और पुलिस उन पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

#### गरमाई शहर की राजनीति

भाजपा की महिला पार्षद और उनके परिवार के सदस्यों के साथ हुई इस घटना में कांग्रेस के कुछ नेताओं के नाम भी सामने आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस वारदात को अंजाम देने वालों में कुछ का संबंध कांग्रेस से भी है, ऐसे में अब शहर की राजनीति इस घटना के साथ से ही गरमा गई है।

## केलो डेम के पास सड़क दुर्घटना में मोटर मैकेनिक युवक की मौत

**रायगढ़।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत केलो डैम के पास दो मोटर साइकिलों के बीच हुई आमने-सामने टक्कर में एक गैरेज मैकेनिक की मौत हो गई। हादसे में युवक का साथी भी घायल हो गया। सोमवार शाम अस्पताल में उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम भेन्ड्रा निवासी 19 वर्षीय मोहम्मद साहिब पेशे से मैकेनिक था। रविवार दोपहर वह अपने दोस्त मनीष के साथ बाइक पर सवार होकर कार मरम्मत का सामान लेने रायगढ़ शहर आ रहा था। सफर के दौरान जैसे ही उनकी बाइक केलो डैम के पास पहुंची, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में साहिब के सिर पर गंभीर चोटें आई थीं, जबकि मनीष को मामूली चोटें लगीं। स्थानीय लोगों की मदद से साहिब को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उसे बचाने की कोशिश करती रही, लेकिन बीती शाम जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए साहिब की सांसें थम गईं। साहिब अपनी मेहनत से परिवार का सहारा बना हुआ था, जिसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### राजस्व कार्यों में गति और पारदर्शिता पर जोर, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

# जनता का भरोसा बनाए रखना प्रशासन की पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़। जिले में राजस्व कार्यों को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने राजस्व अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि राजस्व विभाग शासन और प्रशासन की रीढ़ है, इसलिए अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलताए पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और प्रत्येक प्रकरण का निपटारा समय पर होना चाहिए। बैठक में राजस्व से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए। कलेक्टर ने नामांतरण, सीमांकन, खाता विभाजन, डायवर्सन सहित ऑटो डायवर्सन के लिए जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को इन प्रक्रियाओं की जानकारी देने के लिए विशेष प्रचार प्रसार अभियान चलाया जाए, ताकि लोग आसानी से सेवाओं का लाभ ले सकें। इसके साथ ही त्रुटि सुधार, नजूल प्रकरणए ई.कोर्ट, भूमि अधिग्रहण और रिकॉर्ड दुरुस्ती से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्धारित समय.सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लैंड बैंक के लिए चिन्हित वन भूमि, ऑरेंज एरिया सर्वे, विकास कार्यों हेतु भू.आवंटन, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और भू.अर्जन अवार्ड से संबंधित प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

## पार्किंग विवाद में हमला, 9 आरोपी समेत 3 नाबालिग गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मैरिन ड्राइव क्षेत्र में मामूली पार्किंग विवाद ने देर रात हिंसक रूप ले लिया, जहां डंडों, लोहे की रॉड और बेसबॉल बैट से लैस युवकों ने चार लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस सनसनीखेज घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों और 3 नाबालिगों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, कालिंदी कुंज निवासी 27 वर्षीय चाहत जैन अपने परिचितों के साथ कोष्टापारा स्थित एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। रात करीब 1 बजे शनि मंदिर के पास मैरिन ड्राइव में सामने से आ रही एक टाटा एश वाहन को रास्ते में खड़ा करने को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते यह विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि वाहन चालक मोहम्मद शेख अफताब अपने साथियों समीर खान, मीत वर्मा, रोहन यादव और अन्य के साथ मिलकर गाली.गलौज करने लगे और फिर लाठी, डंडे, लोहे की रॉड और बेसबॉल बैट से हमला कर दिया। इस हमले में चाहत जैन समेत शिवम बघेल, ऋषभ चौहान और सागर बघेल को सिर और जबड़े में गंभीर चोटें आईं। कोतवाली पुलिस ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाकर मेडिकल परीक्षण कराया और मामले में अपराध दर्ज किया। प्रारंभिक जांच के बाद विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया, जिसे बाद में गंभीर चोटों की पुष्टि के आधार पर हत्या के प्रयास और बलवा की धाराओं में परिवर्तित किया गया। पुलिस ने 9 आरोपियों और 3 विधि के साथ संघर्षरत बालकों को हिरासत में लिया।

## खबर संक्षेप

### जिले के 204 यात्री श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में जशपुर जिले के श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम का दर्शन करने का सौभाग्य मिल रहा है। अयोध्या धाम यात्रा के तहत अब तक जिले से 2 हजार 640 श्रद्धालुओं को श्रीरामलला के दर्शन कराए जा चुके हैं। इसी कड़ी में इस योजना से यात्रा हेतु 13वां जत्था को मंगलवार को सुबह जिले के समस्त जनपद व नगर पंचायत से जनप्रतिनिधियों द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिले के जनपद पंचायत व नगर पंचायत से 204 यात्री रवाना किए गए हैं। इनमें जशपुर और मनोरा से रामलला दर्शन अयोध्या हेतु नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत सदस्य सावित्री सिंह, सीईओ जनपद पंचायत जशपुर व समस्त जनपद स्टाफ के उपस्थिति में बस रवाना किया गया। इसी तरह जनपद पंचायत पत्थलगांव से रवाना किया गया।

### जिले में नेशनल लोक अदालत 9 मई को

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 9 मई शनिवार को जिला एवं तालुका स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर में किया जाएगा। राजस्व न्यायालयों में राजस्व अधिकारियों द्वारा राजस्व मामलें भू-अर्जन, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य राजस्व मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया जाएगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, शमनीय मामले, बैंक के वसूली, नगर पालिक निगम, दूरसंचार विभाग के वसूली योग्य एवं न्यायालय के लंबित प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किए जाएंगे। जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते हैं, वे पक्षकार अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, तालुका विधिक सेवा समिति कुनकुरी, तालुका विधिक सेवा समिति बगीचा, तालुका विधिक सेवा समिति पत्थलगांव में संपर्क कर सकते हैं।

### युवाओं के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर

**जशपुरनगर।** जिले में बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का एक सुनहरा अवसर है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर द्वारा 28 अप्रैल 2026 मंगलवार को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में तीन कंपनियों द्वारा कुल 360 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक सुबह 11 बजे से अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार कार्यालय, जशपुर में उपस्थित होकर रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदकों को अपने साथ समस्त मूल प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर में उपस्थित होना है। रोजगार मेले में आरजे ग्रुप मैनपावर जशपुर अंतर्गत 50 पदों में भर्ती होनी है, जिनमें सिक्योरिटी गार्ड हेतु 20 पद योग्यता 10वीं व 12वीं, फाइनेंस ऑफिसर के 10 पद योग्यता 10 वीं व 12 वी, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 10 पद योग्यता 12 वीं के साथ डीसीए, रिसेपनिस्ट के 5 पद योग्यता 12 वीं के साथ डीसीए और स्टाफ नर्स के 5 पदों के लिए योग्यता नर्सिंग होना आवश्यक हैं। इसी तरह परिश्रम ह्यूमन रिसोर्स मीटर इंस्टालेशन के लिए 300 पदों में भर्ती होनी है, इसके लिए योग्यता आईटीआई और नॉन आईटीआई मांगी गई है। स्वतंत्रता माइक्रोफिन में फील्ड ऑफिसर के 10 पदों के लिए योग्यता 10 वीं पास निर्धारित है। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से इस रोजगार मेले में भाग लेकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

न्याय न मिलने पर कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

# तहसीलदार पर महिला से जबरन माफीनामा लिखाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



आंगनबाड़ी सहायिका ने तहसीलदार पर थाना ले जा कर जबरन माफीनामा लिखाने का आरोप लगाया है। पीड़िता के पति ने दुलदुला थाना में मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। वहीं तहसीलदार राहुल कौशिक का कहना है कि, उक्त महिला ने जमीन सीमांकन की प्रक्रिया के दौरान वाद-विवाद करते हुए हमला करने की कोशिश की।

इस पर मौके पर मौजूद महिला पुलिस की सहायता से उसे थाना ले जाया गया था। इस मामले में अब राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस पीड़िता के साथ न्याय ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मामला जिले के दुलदुला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित गांव बोड़ोछापर का है। मंगलवार को कांग्रेस भवन में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानूप्रताप सिंह की उपस्थिति में आयोजित पत्रकार वार्ता में पहुंची पीड़िता सुबोत्री बाई ने बताया कि 16 अप्रैल को दुलदुला के तहसीलदार राहुल कौशिक बिना किसी पूर्व सूचना के उनकी निजी जमीन के डिमार्केशन के लिए पहुंच गए। इस पर जब उन्होनें आपत्ति जताया तो उसे गिरफ्तार कर दुलदुला थाने ले जाया गया। थाने में, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी की उपस्थिति में उसे निलंबित करने की धमकी दे कर दबावपूर्वक लिखित में माफीनामा लिखवाया गया। पीड़िता के पति गुलेश्वर भगत ने बताया कि वे बोड़ोछापर के पेसा ग्राम सभा के अध्यक्ष है।

#### सचिव को पत्र लिख विशेष ग्राम सभा आयोजित करने की मांग

पीड़िता के पति गुलेश्वर भगत ने ग्राम पंचायत के सचिव को पत्र लिख कर इस मामले में विशेष ग्राम सभा आयोजित करने की मांग की थी, लेकिन पंचायत सचिव ने स्पीड पोस्ट से भेजे गए पत्र को लेने से ही इंकार कर दिया। दुलदुला पुलिस के पास की गए शिकायत में गुलेश्वर भगत ने आरोप लगाया है कि, मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बिना उनकी सहमति के उनकी निजी जमीन पर जेसीबी चला दी।

#### महिला पर विवाद व मारपीट के प्रयास का आरोप

वहीं इस मामले में तहसीलदार राहुल कौशिक ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि, घटना के दिन मौके पर पहुंची महिला विवाद कर रही थी। जब उन्होनें समझाइश देने की कोशिश की तो महिला ने उन पर हाथ चलाने का प्रयास किया। इस पर मौके पर मौजूद महिला पुलिस की सहायता से उसे पुलिस थाना ले जाया गया। यहां उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही थी, इस पर महिला ने स्वयं लिखित में माफीनामा लिख कर पुलिस को दिया।

#### कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

इस मामले में अब राजनीति शुरू हो गई है। मंगलवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में भानूप्रताप सिंह ने कहा कि, अगर इस मामले में पीड़ित महिला के साथ इंसाफ नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़क में उतर कर आंदोलन करेगी। उनका कहना था कि जशपुर अधिसूचित जिला है। इसलिए पंचायत के आमसभा की सहमति के बिना कोई भी अधिकारी जमीन अधिग्रहण और डीमार्केशन की कार्रवाई नहीं कर सकता है। भानु प्रताप सिंह ने का कहना है कि बोड़ोछापर की आंगनबाड़ी सहायिका आदिवासी महिला के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया है,वह बिलकुल स्वीकार्य नहीं है।

## गौ तस्करी पर जशपुर पुलिस का बड़ा एक्शन



■ 12 गौवंशों को कराया गया मुक्त, तस्कर भेजा गया जेल

**जशपुरनगर।** जिले में गौ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जशपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 नग गौवंशों को मुक्त कराया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई मनोरा चौकी क्षेत्र में की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 20 अप्रैल की शाम करीब 5:30 बजे चौकी मनोरा में मुखबिर से सूचना मिली कि, एक व्यक्ति ग्राम बड़ा टेम्पु के लेटे झरिया नाला के पास पगडंडी रास्ते से बड़ी संख्या में गौवंशों को मारते-पीटते हुए झारखंड की ओर ले जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस टीम जब लेटे झरिया नाला पहुंची तो एक संदिग्ध व्यक्ति 12 गौवंशों को तेजी से पैदल हांकते हुए ले जाता मिला। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की, पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन जवानों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दुर्योधन भगत उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम टेम्पु, चौकी मनोरा, जिला जशपुर बताया।

## मुख्यमंत्री ने बगिया जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के दिए निर्देश



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में जनदर्शन आयोजित कर आम नागरिकों से सीधे संवाद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, किसान और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि अपनी मांगों और समस्याओं के साथ उपस्थित हुए।

मुख्यमंत्री ने सभी की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि, शासन की योजनाएं जनता की सुविधा और विकास के लिए हैं, इसलिए प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक इनका लाभ समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि, वे समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दें ताकि आमजन को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस दौरान कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी लाल उमेद सिंह, अन्य अधिकारियों सहित आमजन मौजूद रहे।

जनदर्शन के दौरान प्राप्त कई आवेदनों में तत्काल कार्रवाई करते हुए समाधान किया गया। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही कुछ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और संबंधित विभागों को जनहित के प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने को कहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि शासन जनता के साथ है और हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

## सेंट जेवियर्स पत्थलगांव को बैंड प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

■ समग्र शिक्षा तेलंगाना ने प्रदान की ट्रॉफी, स्कूल में हर्ष



सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल पत्थलगांव बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समर्पित है। बच्चों का हौसला बुलंद करने व जीवन में आगे बढ़ने के लिए विद्यालय कई रूपों में प्रोत्साहन देने का अवसर प्रदान करती है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय समग्र शिक्षा तेलंगाना के मार्गदर्शन में जोनल स्तरीय अन्तर विद्यालय गर्ल्स ब्रास म्यूजिक बैंड प्रतियोगिता 11 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2025 को प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना एग्रीकल्चरल यूनिवसिटी राजेन्द्रनगर हैदराबाद में आयोजित की गई थी।

प्रतियोगिता में 9 राज्यों से कुल 36 टीमें प्रतियोगिता में सहभागी हुई थीं। जिसमें सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल पत्थलगांव की गर्ल्स ब्रास म्यूजिक बैंड प्रतियोगाता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए उतकृष्ट प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। इसके लिए 21 अप्रैल को समग्र शिक्षा तेलंगाना की ओर से सेंट जेवियर्स स्कूल पत्थलगांव गर्ल्स ब्रास म्यूजिक बैंड को ट्रॉफी प्रदान की गई। सेंट जेवियर्स शालेय परिवार ट्रॉफी पाकर अत्यधिक हर्षित है। इस खुशी को कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम ने दोगुना कर दिया। इस अवसर पर प्राचार्य फादर सुनील कुमार खलखो येस ने स्कूल गर्ल्स ब्रास म्यूजिक बैंड के विद्यार्थियों और कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए निरंतर कठिन परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके कठिन परिश्रम और समर्पित शिक्षण कार्यो की सराहना की। उन्होंने उप प्राचार्य फादर सिलास टाप्पो येस और उनके सहयोगी शिक्षक नारायण बरूवा, मैम सुनिता खलखो को विशेष रूप से गर्ल्स स्कूल ब्रस म्यूजिक बैंड की अगुवाई करने एवं सफलता हेतु बधाई दी और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को भविष्य हेतु मार्गदर्शन दिया।

## विधायक निधि की कार्यान्वयन प्रक्रिया में परिवर्तन

**जशपुरनगर।** जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय द्वारा राज्य शासन की महत्वपूर्ण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र योजना जिसे सामान्य तौर पर विधायक निधि के रूप में जाना जाता है के कार्यान्वयन की स्थापित प्रक्रिया में राज्य शासन के निर्देश पर परिवर्तन करते हुए ऑनलाइन मोड में कार्यान्वित किए जाने के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई। उल्लेखनीय है कि, प्रभारी मंत्री, विधायकों की अनुशंसा पर कम लागत के पूंजीगत प्रवृत्ति के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र हेतु राज्य सरकार के द्वारा चार करोड़ रुपए तक की स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में आवंटन जारी किया जाता है। इसमें से तीन करोड़ रुपए तक की सीमा के कार्य संबंधित विधानसभा के विधायक की अनुशंसा पर तथा एक करोड़ रूपए तक के कार्यों को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के माननीय प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा योजना के दिशा-निर्देशानुसार स्वीकृत किए जाते हैं। जिनका कार्यान्वयन स्थानीय शासकीय कार्य ऐजेंसियों द्वारा किया जाता है।

## 1 मई से 10 जून तक 15-20 पंचायतों के क्लस्टरों में लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर




**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण की स्थिति की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। डॉ कन्नौजे ने जनशिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु 1 मई से 10 जून तक 15-20 पंचायतों के क्लस्टरों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। इसके साथ साथ कलेक्टर ने जिले में सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की स्थिति का अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें व्यवस्था को बरसात तक बरकरार रखने के निर्देश दिए। वहीं पशु पक्षियों के लिए जल संसाधन विभाग को नहरों में पानी छोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों को हितग्राहीमूलक पेंशन, आरबीसी 6.4, पीएम आवास, लोन आदि सभी लंबित भुगतान, जिले के विकास में शामिल कार्यों के लंबित भुगतान को विशेष अभियान चलाकर 30 अप्रैल तक सभी लंबित देयक आदि को भुगतान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को उनके आधारकार्ड के साथ ईकेवायसी अपडेट कराना अनिवार्य है। यह जून तक होगा और बिल्कुल निःशुल्क है इसलिए सभी हितग्राही अपने नजदीकी च्वाईस सेंटर में जाकर अपना ईकेवायसी अपडेट कराएं।

## चिलचिलाती धूप में अघोषित बिजली कटौती का विरोध एनएसयूआई ने अधिकारियों को हाथ पंखा किया भेंट



**रायगढ़।** शहर में हो रहे अघोषित बिजली कटौती को लेकर बुधवार को एनएसयूआई ने चिलचिलाती धूप में विरोध प्रदर्शन किया और बिजली विभाग का घेराव कर दिया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए विरोध स्वरुप अधिकारियों को हाथ पंखा भेंट किया। शहर में बीते कुछ दिनों से बिजली की अघोषित कटौती के विरोध में एनएसयूआई ने बुधवार को विद्युत विभाग का घेराव करते हुए सांकेतिक प्रदर्शन किया और विभाग के अधिकारियों को हाथ पंखा भेंट कर बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की।

इस दौरान एनएसयूआई कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए अघोषित बिजली कटौती को विभागीय लापरवाही बताया। बीते कुछ दिनों मौसम विभाग ने गर्मी बढने के साथ ही हिट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। आलम यह है कि सुबह करीब 10 बजे से ही सूरज की किरणें चूभने और झूलसाने लगी हैं, साथ ही गर्म हवाओं की वजह से लू जैसे हालात निर्मित हो चुके है।

मई माह में पडने वाले नौतप्पा जैसे हालात देखने को मिल रहे है। भीषण गर्मी की वजह से दोपहर करीब 1 बजे के बाद से सडकें वीरान नजर आती है। बीते कुछ दिनों से तापमान 43 डिग्री पर टिका हुआ जो भीषण गर्मी बढने के संकेत देख रहा है। इसी बीच हर दिन अघोषित रूप बिजली की कटौती की जा रही है। ऐसे में शहरवासियों को दोहरी समस्या झेलनी पड रही है। स्थिति यह है कि बिना किसी पूर्व सूचना के कभी दोपहर तो कभी रात को बिजली गुल हो जाती है। इसी बिगडी हुई बिजली व्यवस्था और अघोषित कटौती के खिलाफ एनएसयूआई के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बताया ठंड के दिनों में कटौती करते हुए अलग-अलग फीडरों में काम किया गया, लेकिन इसके बाद बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरूस्त नहीं हो सकी और अब भी इतनी भीषण गर्मी के मरम्मत के नाम पर अघोषित कटौती की जा रही है।

### व्यापमं मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा समय में बदलाव, अब सुबह 10 बजे से होगी परीक्षा

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 के लिए महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए परीक्षा समय में बदलाव किया गया है। अब यह परीक्षा पूर्व निर्धारित समय 11 बजे के स्थान पर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी और दोपहर 12.15 बजे तक संचालित की जाएगी। इस संबंध में सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि संशोधित समय और अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा का सामना न करना पड़े। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 26 अप्रैल को राज्य के 16 जिलों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा में लगभग 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। हालांकि परीक्षा 16 जिलों में आयोजित की जा रही है, लेकिन इसमें प्रदेश के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे हैं। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचना सुनिश्चित करें, ताकि फ्रिस्किंग सुरक्षा जांच और फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके।

जल-जंगल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त गांव का लिया गया संकल्प

## विश्व पृथ्वी दिवस पर पुरनानगर में जगी जागरूकता की अलख

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम पंचायत पुरनानगर में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया गया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति से अपनी माता के सम्मान में एक वृक्ष लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की गई। इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भावनात्मक जुड़ाव को भी बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने और अपने गांव को हरित एवं स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि सामुदायिक सहभागिता के जरिए प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में बढ़ते जल संकट और घटते वन क्षेत्रों पर चिंता व्यक्त करते हुए जल संरक्षण और जल संचयन के प्रभावी उपायों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि, जल और जंगल दोनों ही जीवन के आधार हैं, इसलिए इनके संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाना आवश्यक है। साथ ही ग्रामीणों को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का त्याग करने और गांव को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई, जिससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने भी अपने विचार साझा किए। जिला समन्वयक एसबीएमजी मदन प्रेमी ने स्वच्छता और पर्यावरण के परस्पर संबंधों को रेखांकित करते हुए जनभागीदारी पर जोर दिया। ग्राम सरपंच प्रतिमा भगत ने पंचायत स्तर पर निरंतर पर्यावरण सुधार के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। यूनिसेफ के प्रतिनिधि शास्त्री कुमार ने आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण की आवश्यकता पर बल दिया, वहीं वन विभाग के अंकित भगत ने पौधारोपण की वैज्ञानिक विधियों और जंगलों के महत्व की जानकारी दी।

## एनडीडीबी डेयरी समग्र योजना से सशक्त हो रही हैं महिलाएं

■ 80 लाख से अधिक सीधे महिलाओं के बैंक खातों में हस्तांतरित

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड डेयरी समग्र योजना छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का नया आधार बन रही है। इस योजना के माध्यम से जिले के 24 गांवों की 447 महिला डेयरी उत्पादक किसान सीधे लाभान्वित हो रही हैं, जो पशुपालन को एक लाभप्रद व्यवसाय के रूप में स्थापित कर रही हैं।

योजना के तहत पशु नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 27 आदिवासी महिला हितग्राहियों को उन्नत साहिवाल नस्ल की दुधारू गायें वितरित की गई हैं।साहिवाल नस्ल अपनी उच्च दुग्ध क्षमता और रोग प्रतिरोधक शक्ति के लिए जानी जाती है।

जिले के 24 गांवों की 447 महिलाएं इस मुहिम का हिस्सा हैं, जिनमें से 114 आदिवासी महिला आधिकारिक तौर पर पंजीकृत होकर संस्थागत रूप से कार्य कर रही हैं। वर्तमान में 197 सक्रिय महिला सदस्य प्रतिदिन दूध संकलित कर रही हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में प्रतिदिन औसतन 1,075 लीटर दूध का संकलन किया जा रहा है। पारदर्शिता और त्वरित भुगतान सुनिश्चित करते हुए, इस वित्तीय वर्ष में 5 जून से 31 मार्च 2026 तक 374 महिला हितग्राहियों के खातों में 80, 80 लाख 54 हजार 468 रुपये की राशि महिलाओं के खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है।



## हॉन्टेड 3डी का मोशन पोस्टर आउट फिर साथ आए विक्रम और आनंद...

**मुंबई।** 2008 में रिलीज हुई फिल्म 1920 के 18 साल बाद विक्रम भट्ट और आनंद पंडित फिर से एक हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है 'हॉन्टेड 3डी'। मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जो काफी डरावना है। पोस्टर में डरावनी गुड़िया, एक सफेद कपड़ों में भटकती आत्मा, डरावने चेहरे और घने कोहरे के बीच भयानक चीख, किसी के भी रोंगटे खड़े कर देगी। विक्रम भट्ट अपनी हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर हैं, अपनी नई फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके पुराने स्टाइल की वापसी है। यह भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक 3डी हॉरर फिल्म है।

लाइफ Style



# दिशा

## आवारापन के सीक्वल में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

29 जून 2007 में रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन के सीक्वल आवारापन 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के नाम से भी पर्दा उठा दिया है।

इमरान हाशमी इस फिल्म में फिर से शिवम का किरदार निभाएंगे। प्रमोशनल पोस्टर में एक हाथ का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसमें चिड़िया का टैटू बना है। यह टैटू आजादी और मुक्ति की भावना को दिखाता है। इस सीक्वल में दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी के साथ काम करेंगी। यह दिशा पटानी का विशेष फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है। विशेष फिल्म्स ने आज 21 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर आवारापन 2 की घोषणा कर दी है। यह 2007 की हिट फिल्म आवारापन का सीक्वल है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का प्रोडक्शन का में आखिरी चरण में है।

'आवारापन 2' 14 अगस्त को देश-विदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है। फिल्म 'आवारापन 2' का निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। फिल्म को लेकर निर्माता विशेष भट्ट ने कहा, 'आवारापन एक गहरा एहसास है, जो बड़े पर्दे के लिए ही बना है। इसमें शानदार जगहों पर शूटिंग, बड़े सीन, मजबूत किरदार और अच्छा संगीत होगा। इमरान हाशमी शिवम के किरदार में पूरी तरह फिट हो गए हैं। अब दिशा पाटनी के जुड़ने से फिल्म में नई जान आ गई है।'

### हॉलीवुड मसाला



## सैंड्रा-निकोल साथ करेंगी काम

**लॉस एंजिल्स।** प्रैक्टिकल मैजिक 2 का ट्रेलर सामने आ चुका है। इस फिल्म में सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन साथ नजर आएंगी। दोनों लगभग 28 साल बाद बड़े पर्दे पर दर्शकों को नजर रही हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन, कुछ जगहों पर इसका प्रीमियर 18 सितंबर को होगा। साल 1998 में हॉलीवुड फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। प्रैक्टिकल मैजिक 2 के ट्रेलर में विक्टोरियन दौर का एक घर दिखाया जाता है।



## नाबालिग की हत्या मामले में हुई सिंगर डी-4वीडी की पेशी

**लॉस एंजिल्स।** डेविड बर्क 21 साल के एक म्यूजिशियन हैं, जो डी4वीडी के नाम से जाने जाते हैं। सिंगर पर पर 14 साल की नाबालिग की हत्या का आरोप लगे हैं। मंगलवार को इसी मामले में लॉस एंजेलिस में कोर्ट में उनकी पेशी हुई, जहां उनके वकील ने उनकी ओर से सभी आरोपों से इनकार किया। हालांकि, जज ने इसके बावजूद कड़ा फैसला सुनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड बर्क पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर, 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन शोषण और शव के टुकड़े करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जज ने आदेश दिया है कि उन्हें बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा। डी4वीडी को 2022 में पहचान मिली, जब उन्होंने अपने फोन पर गाने रिकॉर्ड करके फॉर्नाइट गेमिंग वीडियो में इस्तेमाल किए, जो टिकटॉक पर वायरल हो गए।



## सूरज की फिल्म में पहली बार करेंगे काम


**मुंबई।** सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म ऊंचाई डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूरज की फिल्म में पहली बार आयुष्मान खुराना काम करेंगे। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान खुराना और शरवरी एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।



## है जवानी तो... होगी आखिरी फिल्म

**मुंबई।** डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए। ये मेरी आखिरी फिल्म हो सकती है। इसके बाद मैं बस वरुण का पिता रहूंगा।' तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर और 45 से ज्यादा फिल्मों के साथ, डेविड धवन ने अपने सफर को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने संजय दत्त, अनिल कपूर, गोविंदा और सलमान खान जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है।

### टीवी मसाला




## कराची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया सामाज्य

**नई दिल्ली।** हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था। रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रमन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता था। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया।

### घर से निकलने में भी लगता है डर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था।



कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते हैं।

## कपिल शर्मा का शो कॉमेडी फिल्मों के लिए बन रहा खतरा : परेश रावल

*परेश रावल जिन्होंने अपने करियर में कई कॉमेडी फिल्मों में काम किया है और सबको खूब हंसाया है। उनका कहना है कि कपिल शर्मा का शो आज के समय में कई कॉमेडी मूवीज को टक्कर दे रहा है। परेश रावल हाल ही में फिल्म भूत बंगला में नजर आए हैं। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है और इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव हैं। फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है।*


**नई दिल्ली।** अब परेश ने हाल ही में बताया कि कैसे आज कल कॉमेडी फिल्मों को टीवी और डिजिटल शोज से टफ कॉम्पटीशन झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, परेश ने सुनील ग्रोवर की भी तारीफ की और उन्हों टैलेंट का ज्वालामुखी बताया है। परेश ने मनीकंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'ये कॉमेडी के लिए काफी मुश्किल समय है। हर सीन कॉम्पटीशन है। कपिल शर्मा शो तो हर कॉमेडी फिल्म के लिए कॉम्पटीशन है। कभी-कभी वो भी ओवर टॉप जाते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती।' एक्टर ने आगे कहा, 'अगर आप कपिल शर्मा शो देखते हैं और सुनील ग्रोवर को देखें कि क्या टैलेंट हैं उनमें। ये सब बहुत बड़े टैलेंटेड हैं। वो तो ज्वालामुखी हैं यार कॉमेडी के।



आपको उस कॉमेडी के साथ कॉम्पीट करना है तो आपको सोच बदलनी पड़ेगी नहीं तो नहीं होता है। कॉमेडी लिखना और उसे मेन्टेन करना काफी मुश्किल है। वहां भी जो कॉमेडी लिखी जाती है, उनकी 10-15 लोगों की टीम होती है। हमारे यहां तो एक राइटर को रखने का माल नहीं होता है प्रोड्यूसर के पास तो 15 लोगों को कहां से देगा।' बता दें कि सुनील ग्रोवर तो पिछले कुछ दिनों से अपने मिमिक्री स्टाइल के लिए छाए हुए हैं। उनके कई किरदार हिट रहे हैं जैसे एस एस राजामौली, आमिर खान, सलमान खान और कादर खान। कादर खान के तो उनके मिमिक्री वीडियो को बहुत ज्यादा प्यार मिला। कई ने तो उनके इस एक्ट को शेयर कर उनकी तारीफ की थी सोशल मीडिया पर। भूत बंगला के बाद परेश अब हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाले हैं। वेलकम टू द जंगल में परेश के साथ अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी हैं। वहीं हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी लीड रोल में हैं।

## मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत

**मुंबई।** सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे



लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।' सैयारा फिल्म में भी यही बात बेबाकी से दिखाई गई है। सैयारा की टीम के साथ वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। लगता है यह किस्मत में लिखा था। आगामी फिल्म को लेकर मोहित ने कहा, 'इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं। कहानी को लेकर बहुत उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ भी। उम्मीद है कि इस फिल्म का संगीत भी लोगों के दिल को छू सकेगा।'

### बाबुल की दुआएं लेती जा
### इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर

## एक मुस्लिम गीतकार, जिसने बेटी की विदाई का दर्द गीत में उतार दिया

*__नई दिल्ली।__ 'बाबुल की दुआएं लेती जा' लिखने वाले इस मुस्लिम गीतकार ने कभी नहीं की थी शादी। गाने में उतार दिया बेटी की विदाई करने वाले पिता का दर्द। इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर। आज भी उतना ही दर्दभरा है ये गाना। 1968 में एक फिल्म आई थी नील कमल। इस फिल्म में वहीदा रहमान, राज कुमार और मनोज कुमार ने लीड किरदार निभाया था। फिल्म राम महेश्वरी ने डायरेक्ट की थी और किदार शर्मा ने लिखी। वैसे तो फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की थी जो नींद में चलती है और अपनी पुरानी जिंदगी में चली जाती है। इस कहानी ने उस समय के लोगों को प्रभावित किया था। लेकिन गाने अलग ही माहौल बनाते थे। इसी फिल्म का वो गाना था 'बाबुल की दुआएं लेती जा'। एक ऐसा गाना जिसे सुनने वाले लोग और गाने वाला सिंगर रो पड़ा था। इस गाने को लिखने वाले ने ऐसे भावों को अपनी राइटिंग में दिखाया जो उसने खुद कभी महसूस नहीं किया।*



### इस गाने को सुन रो पड़ते हैं लोग

फिल्म नील कमल ये गाना तब बजता है जब बलराज साहनी का किरदार अपनी बेटी सीता की विदाई करता है। स्क्रीन पर नजर आने वाला वो विदाई का सीन आंखें गीली कर देता है। एक पिता अपनी बेटी को घर से डोली तक छोड़ने आता है। बैकग्राउंड में रवि का म्यूजिक और वो खास मन को कटोचने वाली धुन बजती है। ये सीन जितनी बार देखा जाता है उतनी बार आंखें गीली हो जाती हैं। इस गाने को उस दौर के मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा था। साहिर ने खुद कभी शादी नहीं की, उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन, जब ये गीत उन्होंने एक पिता के दर्द को अपनी लेखनी में उतारते हुए लिखा तो गाने वाले मोहम्मद रफी रो पड़े।

### लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए

फिल्म में जब ये गाना दिखाया गया तो इसे सुनने और देखने वाले लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए। ऐसा ही किस्सा फिल्म धड़कन के गाने 'दूल्हे का सेहरा' गाने वाले नुसरत फतेह अली खान के साथ हुआ था। वो भी गाने की एक लाइन को गाते समय खूब रोए थे।

### रफी की आवाज हो गई थी रुआंसी

इस गाने को रवि ने कंपोज़ किया था। गाने के अंतरे में सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज रुआंसी हो जाती है। अंत में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर रवि से कहा कि उन्हें एक बार फिर से रिकॉर्ड करना चाहिए क्योंकि वो गाना गाते समय रो गए हैं। ये सुनते ही म्यूजिक बनाने वाले रवि ने कहा कि वो ये गाना ऐसे ही रखेंगे। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय मोहम्मद रफी इसलिए भी रो पड़े थे क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। बेटी को याद कर उनकी आवाज रुआंसी हो गई।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को डांटने वाले शिक्षक की होगी जांच

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ विकासखंड में स्थित एकलव्य स्कूल में रहने वाले बच्चों को शिक्षक द्वारा बुरी तरह से डांटने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद धरमजयगढ़ विधायक ने कलेक्टर से इस मामले का संज्ञान लेने को कहा है। वही दूसरी ओर अजाक विभाग के सहायक आयुक्त ने भी स्कूल के प्राचार्य को जांच के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शासन ने भीषण गर्मी और बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए 20 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की थी, किंतु धरमजयगढ़ स्थित एकलव्य स्कूल के बच्चों की छुट्टी अभी नहीं हुई है। ऐसे में स्कूल में बच्चों द्वारा खेल-खेल में हो हल्ला किया जा रहा था। जिससे आक्रोशित हो कर एक शिक्षक ने बच्चों को एक कमरे में बुलाया और उनके साथ अभद्रता करते हुए जमकर डांटने लगा। इसी बीच किसी ने शिक्षक की इस करतूत का वीडियो बना लिया जो अब वायरल हो रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने भी इस मामले में प्राचार्य और कलेक्टर को उचित कार्रवाई के लिए कहा। फिलहाल अजाक विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे के अनुसार इस मामले में प्राचार्य को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच उपरांत उचित कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

### पीएम इंटर्नशिप 3.0 के लिए आवेदन शुरू

**रायगढ़।** पीएम इंटर्नशिप 3.0 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस योजना के अंतर्गत देश की प्रतिष्ठित कंपनियों जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड तथा नवरत्न कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड में विभिन्न तकनीकी पदों पर इंटर्नशिप के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। चयनित उम्मीदवारों को 9000 प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इस इंटर्नशिप के अंतर्गत फिटरए टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रिशियन, कोपा, रिंगर सहित कई पदों पर अवसर उपलब्ध हैं। 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने 10वीं, 12वीं, डिप्लोमा, डिग्री या आईटीआई उत्तीर्ण किया है, आवेदन कर सकते हैं। साथ ही अंतिम वर्ष में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थी भी इसके लिए पात्र हैं। आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में 24 अप्रैल तक विशेष पंजीयन एवं करियर काउंसलिंग शिविर आयोजित किया जा रहा है।

### 24 अप्रैल को रोजगार मेला का आयोजन

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायगढ़ में 24 अप्रैल को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा योग्य अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेले में भाग लेने के लिए आवेदकों का ई-रोजगार पोर्टल में पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार मेले में प्रमुख कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

### लू के लक्षण और बचाव को लेकर एडवाइजरी

**रायगढ़।** जिले में बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन को सतर्क रहने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग ने लू के लक्षण, बचाव और प्राथमिक उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी जारी करते हुए नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में लू का प्रभाव गंभीर हो सकता है, इसलिए सभी लोग आवश्यक एहतियात अपनाएं। घर से बाहर निकलने से पहले पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्के, सूती एवं ढीले कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय सिर को ढंककर रखें तथा छतरी, टोपी या कपड़े का उपयोग करें। साथ ही शरीर में पानी की कमी न होने दें और नियमित रूप से पानी, छाछ, ओआरएस घोल, लस्सी, नींबू पानी और आम का पना जैसे पेय पदार्थों का सेवन करते रहें।

### हिट एंड रन मामलों के त्वरित निराकरण और कड़े प्रवर्तन पर जोर

# सड़क हादसे में मौत को लेकर चिंता 3 सप्ताह तक होगी सरप्राइज चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बैठक लेते कलेक्टर और एसएसपी।

रायगढ़ जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रभावी अमल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मयंक चतुर्वेदी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून व्यवस्था से जुड़े 16 महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं से हो रही असामयिक मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। दुर्घटनाओं के समय और कारणों का विश्लेषण करते हुए यह निर्णय लिया गया कि जिले में हेवी वाहनों कार एवं मोटरसाइकिल चालकों के विरुद्ध अलग अलग स्थानों पर लगातार तीन सप्ताह तक सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। विशेष रूप से नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने एजेंडा वार बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए ठोस रणनीति तय की और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। इसके लिए सामान्य प्रशासन, पुलिस, यातायात एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित कर समन्वित रूप से कार्रवाई करने को कहा गया। हिट एंड रन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निराकरण पर जोर दिया गया। साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के उल्लंघनों पर की जा रही कार्रवाई की तुलनात्मक समीक्षा कर उसे और तेज करने तथा व्यापक यातायात जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। यातायात प्रबंधन के तहत जिले में जारी प्रयासों की समीक्षा में बताया गया कि स्पीड रडार गन, इंटरसेप्टर वाहन, सतत पेट्रोलिंग और रोड सेफ्टी मानकों के पालन के माध्यम से नियम उल्लंघन पर प्रभावी नियंत्रण किया जा रहा है। चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर रंबल स्ट्रिप, संकेत बोर्ड, हाई मास्ट लाइट, सोलर ब्लिंकर एवं कन्वेक्स मिरर लगाने जैसे सुधार कार्य किए जा रहे हैं, जबकि शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। स्कूलों, कॉलेजों, नुक्कड़ नाटकों, मीडिया और रेडियो के माध्यम से लगातार जागरूकता अभियान भी संचालित किया जा रहा है। बैठक में नशामुक्ति अभियान की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नवजीवन व्यसन एवं पुनर्वास नशामुक्ति केंद्र, कोहाकुंडा में नशा पीड़ितों के उपचार और पुनर्वास का कार्य निरंतर जारी है। यहां निःशुल्क भोजन, आवास, स्वास्थ्य परीक्षण, योग, मनोरंजन और कौशल प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जोगीडीपा स्लम एरिया में 705 घरों का सर्वे कर नशा पीड़ितों के पुनर्वास हेतु कार्ययोजना पर अमल किया जा रहा है। पुलिस एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से थाना स्तर पर जनचौपालए कार्यशालाओं और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अभियान को और प्रभावी बनाया जा रहा है। मानस पोर्टल के हेल्पलाइन नंबर 1933 का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। औद्योगिक सुरक्षा के मुद्दे पर भी बैठक में गंभीरता से चर्चा की गई। विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के निरीक्षण के दौरान श्रमिकों की सुरक्षाए स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियों की समीक्षा करते हुए गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल, ओआरएस, शेड, कूलर, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

#### शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने की कवायद

जिले में विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य समूहों द्वारा समय-समय पर धरना-प्रदर्शन, रैली, जुलूस एवं आंदोलन आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा पूर्व तैयारी और समन्वय स्थापित किया जाता है। आंदोलनों की संभावित रूपरेखा के आधार पर संबंधित संगठनों के पदाधिकारियों, शांति समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। इन बैठकों में साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने, यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचाव के उपायों पर विशेष चर्चा की जाती है। इसी कड़ी में जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन के लिए विशेष स्थान आरक्षित एवं चिन्हांकित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आयोजन व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकें और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस विभाग द्वारा प्रत्येक आयोजन का विश्लेषण कर रणनीति तैयार की जाती है, जिससे जिले में शांति और कानून व्यवस्था कायम रहे तथा यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे।




## आरक्षण रैली में महिला मोर्चा की 500 महिलाएं हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोकसभा विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कराने वाली मोदी सरकार के समर्थन में तथा कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम के खिलाफ राजधानी रायपुर में भाजपा महिला मोर्चा ने महिला आक्रोश रैली निकालकर जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया।

जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती मधुलता पटेल एवं जिला महामंत्री श्रीमती रेखा महमियां ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले से 500 से अधिक महिला कार्यकर्ता बसों व निजी वाहनों से सुबह 9 बजे रायपुर पहुंचीं। हाथों में तख्तियां, चेहरे पर आक्रोश और जुबां पर एक ही नारा था बहुत हुआ महिलाओ का अपमान, अब नहीं सहेगा हिंदुस्तान। इनडोर स्टेडियम से सुभाष स्टेडियम तक तक निकले कमल नाद और विरोध के स्वर ने कांग्रेस के चेहरे को बेनकाब कर दिया। रास्ते भर महिलाएं कांग्रेस का दोहरा चरित्र नहीं चलेगा, महिला बिल लटकाया किसने कांग्रेस ने मोदी है तो मुमकिन है के गगनभेदी नारे लगा रही थीं। रैली में आदिवासी वेशभूषा में आई महिलाएं स्वयं सहायता समूह की दीदियां, कॉलेज छात्राएं और वरिष्ठ मातृशक्ति एक साथ नजर आई।

### बीडीसी ने की स्वास्थ्य मंत्री से अस्पताल की मांग



**कोसीर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 07 के श्रीमती हेमा विश्वनाथ बसंत ने बीते फरवरी में जनपद क्षेत्र के गांव रक्सा एवं रिंवापार में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए मांग की थी। गांव से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की 5-6 दूरी के वजह से लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस विषय को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से उप स्वास्थ्य केंद्र की मांग रखी गई थी। जनपद सदस्य श्रीमती हेमा बसंत के प्रतिनिधि विश्वनाथ बसंत ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र की मांग पर जल्द खोले जाने की आश्वासन दिया गया हैं।

## निगम आयुक्त ने ट्रेनिंग कर रहे 400 कर्मचारियों को कराई डिजिटल स्वगणना

**16-30 अप्रैल तक स्व-गणना, 1 मई से होगा घर-घर सत्यापन**



**रायगढ़।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना की प्रक्रिया को गति देने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त सह प्रमुख जनगणना अधिकारी बृजेश सिंह क्षत्रिय ने स्वयं पहल करते हुए अपने चेंबर में मोबाइल के माध्यम से अपने परिवार की स्व-गणना पूरी की। इसके बाद वे सेंट जेवियर्स स्कूल पहुंचकर वहां जनगणना कार्य की ट्रेनिंग कर रहे 400 से ज्यादा कर्मचारियों को आनलाइन स्वगणना कराया। इस कदम के जरिए से उन्होंने शहर के प्रत्येक नागरिकों से डिजिटल माध्यम से इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

आयुक्त ने बताया कि स्व-गणना की यह व्यवस्था नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है, जिससे लोग घर बैठे ही आसानी से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होने के कारण पारदर्शिता, गति और सटीकता सुनिश्चित होती है। उन्होंने जानकारी दी कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिक आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से मोबाइल, कंप्यूटर या लैपटॉप से स्व-गणना फॉर्म भर सकते हैं। पोर्टल पर पूछे गए सभी प्रश्न सरल और सहज भाषा में उपलब्ध हैं, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। इसमें ज्यादातर प्रश्नों के उत्तर में टिक लगाना होगा। स्व-गणना प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रत्येक नागरिक को एक यूनिक स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी, जो आगामी सत्यापन प्रक्रिया में उपयोगी होगी। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने आगे बताया कि स्व-गणना चरण के पश्चात 1 मई से 31 मई तक जनगणना कार्य में लगे कर्मचारी घर-घर जाकर दर्ज की गई जानकारी का सत्यापन करेंगे, जिससे जनगणना कार्य को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त सह नगर जनगणना अधिकारी सुतीक्षण यादव उपस्थित रहे।

#### सक्रिय भागीदारी करें सुनिश्चित

ऑनलाइन डिजिटल स्वगणना पोर्टल लिंक पर सुबह 6 बजे से रात 12 तक ऑनलाइन स्वगणना भरा जा सकता है। पूरे प्रक्रिया के बाद इसे फाइनल सबमिट करना होगा। इसके बाद जिनका आनलाइन धर्म भरा गया है उनका एक विशेष रेफरेंस आईडी दी जाती है, जिसको सुरक्षित रखना होगा एवं डोर टू डोर सर्वे के दौरान पहुंचे कर्मचारियों को इसे दिखाना होगा। निगम आयुक्त श्री क्षत्रिय द्वारा सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और डिजिटल स्व-गणना प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

## आत्मानंद स्कूल में कार्यरत संविदा शिक्षकों की बैठक




**बरमकेला।** स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों की आवाज अब पूरे प्रदेश में एकजुट होती नजर आ रही है। इसी कड़ी में सारंगढ़ बिलाईगढ़, रायगढ़, जशपुर, बस्तर, बिलासपुर, रायपुर सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी रायपुर पहुंचे, जहां आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह मुद्दा अब किसी एक जिले तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के हजारों कर्मचारियों के भविष्य से जुड़ा एक गंभीर विषय बन चुका है।

रायपुर स्थित कर्मचारी भवन, शहीद भगत सिंह चौक, तेलीबांधा में छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ की एक महत्वपूर्ण एवं व्यापक प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव ने किया। बैठक में प्रदेश, संभाग एवं जिला स्तर के पदाधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुएए जिससे संगठन की मजबूती, एकजुटता और आगामी रणनीति की गंभीरता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संघ के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को विस्तार से सुना और कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों के समर्थन में फेडरेशन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने संगठन को एकजुट रहकर संवैधानिक तरीके से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की सलाह दी।

#### संगठन की एकजुटता पर दिया जोर

संघ के नेताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कर्मचारियों की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे व्यक्तिगत मतभेदों को भुलाकर संगठन के साथ जुड़ें और एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करें।

## कोतरा रोड में बह रही श्रीराम कथा की रसधार



**रायगढ़।** कोतरा रोड रायगढ़ में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक रमेश भाई शुक्ला द्वारा रामकथा की भव्य एवं दिव्य अमृतमयी कथा की रस वर्षा की जा रही है। 15 अप्रेल से 23 अप्रेल तक कोतरा रोड रायगढ़ के रामपुरम कालोनी चुना भट्ठा के पास में संचालित श्री रामकथा में व्यासपीठ पर विराजे रमेश भाई शुक्ला द्वारा प्रतिदिन रामचरितमानस के बालकांड से लेकर उत्तरकांड के कथा प्रसंग को भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ रामकथा को अत्यंत ही सरस एवं तत्वात्मक विवेचना एवं संगीतमय प्रस्तुति से श्रद्धालु भक्तों को भावविभोर किया जा रहा है।

श्रीरामकथा के पंचम दिवस कथावाचक रमेश भाई शुक्ला द्वारा किष्किंधा कांड कथा की शुरुआत रामायण की आरती और हनुमान की वंदना के साथ करते हुए प्रथम चौपाई आगे चले बहुरि रघुराया रिष्यमुक पर्वत नियराया से कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि इस चौपाई का संदेश है जीवन में आगे बढ़ते रहने से हमे अपने मंजिल की प्राप्ति अवश्य होती है। रामचरित मानस के किष्किन्धाकाण्ड के हनुमान द्वारा विप्र रूप धारण कर राम लक्ष्मण को सुग्रीव तक ले जाने एवं राम व सुग्रीव की मित्रता य मित्रता के लिए आवश्यक तत्व य एक दुसरे के दुख के अवसर पर सहयोग करने य सुग्रीव सूर्य पुत्र अर्थात ज्ञान का प्रतीक, बाली अर्थात भोग का प्रतिक हनुमान साक्षत वैराग्य और राम को ईश्वर और सीता को भक्ति का रूप बताते हुए व्यास पीठ ने कहा कि ज्ञान पर्याप्त नहीं है।

## कलेक्टर ने किया शहरी क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण

■ मुड़ा तालाब के पास 1 करोड़ का गार्डन निर्माण 15 मई तक पूरा करने के निर्देश



**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ नगरपालिका शहरी क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का विभागीय अधिकारियों के साथ व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जमीनी स्तर पर कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मुड़ा तालाब के पास लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे गार्डन स्थल पर पहुंचे।

उन्होंने निर्माण कार्य का बारीकी से अवलोकन किया और कार्य को हर हाल में 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि शहरी क्षेत्र के लोगों को फायदा मिल सके। इसके बाद कलेक्टर फूलझरिया पारा इंदिरा नगर पहुंचे, जहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन के बाद किए गए कंक्रीटीकरण कार्य की वास्तविक स्थिति जानने के लिए वे स्वयं अधिकारियों के साथ गलियों में पैदल निरीक्षण किए। इस दौरान कई स्थानों पर सड़क निर्माण में लापरवाही और गड्ढे पाए गए, जिस पर उन्होंने ठेकेदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क की ढलाई समान स्तर रोड लेवल पर की जाएए ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वार्ड क्रमांक 15 पैलपारा स्थित तिवारी तालाब के निरीक्षण के दौरान तालाब में गंदगी पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि तालाब का गंदा पानी तत्काल खाली कराकर उसका गहरीकरण कराया जाए, ताकि जल संरचना बेहतर हो सके इसके लिए नगरपालिका से प्रस्ताव मंगाया गया। नगरपालिका शहरी क्षेत्र के नवापारा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राही लूचरण जांगड़े के निर्माणाधीन आवास का भी निरीक्षण किया गया। यहां कार्य की धीमी गति पर कलेक्टर ने गड्ढा के बाद नींव, दीवाल, ढलाई कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## नव पदस्थ सीएमओ ने संभाली कमान, गौरवपथ में तेजी की आस



**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर को नया प्रशासनिक नेतृत्व मिल गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ के रूप में मोहनलाल विश्वकर्मा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले विश्वकर्मा नगर पालिका परिषद गौरेला में कार्यरत राजस्व विभाग का उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से निर्माणाधीन गौरवपथ का कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर अधूरी नालियां, निर्माण सामग्री और अधूरा सड़क कार्य लोगों के लिए दिक्कत का कारण बना हुआ है। ऐसे में नए सीएमओ से जनता को खास उम्मीद है कि वे इस महत्वपूर्ण परियोजना को प्राथमिकता देते हुए इसकी रफ्तार बढ़ाएंगे और जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूर्ण करवाएंगे। साथ ही बरसात से पहले जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करना भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। सीएमवो साहब ने कहा कि निर्माणाधीन गौरवपथ में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए जाएंगे। मोहनलाल विश्वकर्मा के सामने नगर की बुनियादी सुविधाओं को सुधारने और विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने की जिम्मेदारी होगी।

